

सीएम से होटल एसो. के पदाधिकारियों भेंट करते हुए।

# उत्तराखण्ड में कोविड–19 की डबलिंग रेट 96 दिन, रिकवरी रेट 74 प्रतिशत

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक जोशी ने सीएम का जताया आभार

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की और सीएसडी कैन्टीन में शराब को कोविड–19 टैक्स से मुक्त रखने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। विदित हो कि पूर्व सैनिकों ने कोरोना महामारी में केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन राशि की कटौती की गयी है और डीए में भी बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है। जिसको देखते हुए सैन्य कैंटीन में शराब को टैक्स से मुक्त रखा जाये। इस अवसर पर इसके अतिरिक्त, विधायक जोशी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।

### गांधी ग्राम व द्रोणपुरी के 101 लोगों को राशन किट वितरित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं देवभूमि मानव संसाधन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने गांधी ग्राम व द्रोणपुरी के 101 लोगों को राशन किट वितरित करते हुए उन्होंने लोगों से कोरोना के प्रति सचेत रहने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग अभी तक सौभाग्यशाली हैं कि ये संक्रमण अन्य राज्यों की तरह यहां नहीं फैला किन्तु इसका ये मतलब नहीं कि हम लापरवाह हो जाएं।

### श्रम मंत्री से श्रमिकों के खातों में पांच–पांच हजार रूपये भेजने का अनुरोध

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने प्रदेश के श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत से उनके आवास में भेंट करते हुए श्रमिकों के खातों में पांच–पांच हजार रूपये भेजने का अनुरोध किया। यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने प्रदेश के श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत से उनके आवास में भेंट करते हुए उन्हें श्रमिकों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

### 40 कोरोना योद्धाओं को कोरोना वॉरियर्स की उपाधि से किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी से पूरे देश में संकट गहरा गया था। इस संकट के दौरान अपनी जान की परवाह ना करते हुए लोगों की सेवा करने आम जनमानस को सहूलियत देने और उनकी समाज सेवा करने पर 40 कारोना योद्धाओं को कोरोना वॉरियर्स की उपाधि से अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज उत्तराखंड प्रदेश ने कोरोना योद्धा करोना वॉरियर्स का अवार्ड देकर किया।

## सीएम से होटल एसो. के पदाधिकारियों ने की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने कहा कोविड–19 की वजह से राज्य में पर्यटन एवं अन्य लोगों के आवागमन न होने से होटल संचालकों एवं होटल एसोसिएशन को काफी समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है। होटलों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को वेतन देने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उत्तराखंड में पर्यटन कि दृष्टि से यह सबसे महत्वपूर्ण समय है, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि होटल एसोसिएशन की प्रमुख समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और उनका समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि ग्रीन जोन वाले जनपदों विभिन्न गतिविधियों में तेजी लाई जाए, ताकि अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार हो सके। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अनिल गोयल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप सहानी, सेक्रेट्री संजय अग्रवाल, प्रदीप कर्णवाल, आशीष गोयल आदि उपस्थित थे।

### जानकारी

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में कोविड–19 के एक्टीव केस 17 ही रह गए हैं। आज 06 कोरोना संक्रमित व्यक्ति ठीक हो गए हैं। राज्य में कोरोना के मामले, दोगुना होने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। अब यह दर बढ़कर 96 दिन हो गई है। मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने मीडिया ब्रीफिंग करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड–19 में रिकवरी रेट 74 प्रतिशत है। प्रदेश में एक समय कंटेनमेंट जोन 21 हो गए थे जो कि अब घटकर 07 रह गए हैं। इनमें 5 देहरादून, 01 हरिद्वार और 01 ऊधमसिंहनगर में हैं। इस प्रकार राज्य में कोविड–19 को नियंत्रित करने के प्रयास सफल हो रहे हैं। दूसरे राज्यों से उत्तराखण्ड आने के लिए 1,75,880 प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 18156 लोगों को लाया जा चुका है। उत्तराखण्ड में फंस गए दूसरे राज्यों के 20 हजार लोगों ने वापस अपने राज्य जाने के लिए पंजीकरण कराया है, इनमें से 4780 को भेज दिया गया है। 03 दिनों में गुड़गांव से 8700 लोगों को लाने के प्लान पर काम किया जा रहा है। अहमदाबाद, सूरत, पुणे के साथ ही केरल से भी प्रवासी लोगों को लाने के लिए ट्रेन के बारे में रेल मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकारों से बात हुई है। कंट्रोल रूम के कॉल सेंटर में 45 हजार से अधिक कॉल रिसीव की गई हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि जो प्रवासी उत्तराखण्ड लौट कर आ रहे हैं, राज्य सरकार को उनके रोजगार की भी चिंता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना को मंजूरी दी गई है। इसमें निर्माण और सेवा क्षेत्र में अपना काम करने के लिए ऋण व अनुदान की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार और भी अनेक योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दिव्यांग कर्मचारियों को सामान्य परिस्थितियों में सरकारी कार्यालयों में न बुलाने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि लॉकडाउन–3 में सरकारी कार्यालयों को खोला गया है। इनमें अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

महिला कर्मचारी जो कि गर्भवती हैं या जिनके 10 वर्ष से कम उम्र की बच्चे हैं, को सामान्य परिस्थितियों में कार्यालय आने से छूट दी गई है। इसी प्रकार 55 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों को भी सामान्य परिस्थितियों में नहीं बुलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जिलों से 307 कार्यों को अनुमति दी गई है। इसमें 16600 कार्मिकों व श्रमिकों का नियोजन होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में वनों में फायर सीजन है। मौसम आदि कारणों से पिछले वर्ष की तुलना में स्थिति कहीं अधिक बेहतर है।

सामान्य परिस्थितियों में दिव्यांग कर्मचारियों को कार्यालय न बुलाने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 307 कार्यों को मंजूरी

### 4747 उद्योगों को संचालन की अनुमति

मुख्य सचिव ने बताया कि 4747 उद्योगों को संचालन के लिए अनुमति दी गई है। इनमें 1 लाख 75 हजार श्रमिकों का नियोजन होगा। इनमें से बहुत सी इकाइयों ने काम शुरू कर दिया है। ग्रामीण अंचलों में स्वयं सहायता समूहों विशेष तौर पर महिला स्वयं सहायता समूहों ने विषम परिस्थितियों में भी उल्लेखनीय काम किया गया है। 3580 स्वयं सहायता समूहों जिनके 12 हजार से अधिक सदस्य हैं, द्वारा 11 लाख मास्क तैयार कर संस्थाओं को उपलब्ध कराए गए हैं।

## दून में कोरोना पॉजिटिव 13 से घटकर सात हुए

### हरी झंडी

- शुक्रवार को 06 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक होकर घर गए

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है जनपद देहरादून में कोरोना पॉजिटिव संक्रमित कुल 34 व्यक्ति में से 13 व्यक्ति कोराना संक्रमण के कारण उपचाररत् थे, जिनमें से आज कुल 6 व्यक्ति स्वस्थ हो गये हैं जिसमें 5 व्यक्ति दून मेडिकल कालेज से तथा 01 एम्स ऋषिकेश शामिल हैं। अतः वर्तमान में जनपद में 26 व्यक्तियों के स्वस्थ होने के फलस्वरूप 07 व्यक्ति उपचाररत् है। आज कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत संदिग्ध 27 व्यक्तियों के सैंपल जांच हेतु भेजे गये हैं तथा 35 सैम्पल प्राप्त हुए जिनमें सभी की रिपोर्ट नेगिटिव प्राप्त है। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि कोरोना वायरस संक्रमण के संदिग्ध व्यक्तियों हेतु विकासखण्डवार दैनिक सर्विलांस के आधार पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा कुल 455479 व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य कर लिया गया है, जिनमें विकासखण्ड चकराता में 31326, विकासखण्ड डोईवाला में 63759, विकासखण्ड रायपुर में 199218, विकासखण्ड सहसपुर में 161176 शामिल हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत दिहाड़ी/मजदूरी करने आये 13 श्रमिकों जिन्हें जामिल उल उलूम मदरसा सहसपुर में बनाये गये राहत शिविर में ठहराया गया है, की साईकेट्रिक सपोर्ट टीम द्वारा रिवाइस्ड काउंसिलिंग की गयी।

आज कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु नियुक्त विभिन्न कार्मिकों को संक्रमण से सुरक्षा के दृष्टिगत 231 एन–95 मास्क, 2500 ट्रिपल लेयर मास्क, 50 पी.पी.ई. किट, 60 वी.टी.एम वाईल, 1502 सर्जिकल गलब्स, 7500 एक्जामिनेशन गलब्स तथा 312 सैनिटाइजर उपलब्ध कराये गये।

### अब तक कुल 26 मरीज हुए ठीक

कोरोना वायरस संक्रमण कोविड–19 की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु समस्त मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श की पर्ची के सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयों का विक्रय प्रतिबन्धित किये जाने के उपरान्त समस्त मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा जनपद में कुल 69 व्यक्तियों को चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयां विक्रय की गयी।

## सीएम ने दिया समस्या पर कारगर कदम उठाने का आश्वासन

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 महामारी के बाद गतिमान लॉकडाउन के कारण प्रदेश में परिवहन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से वार्ता की। अवगत करा दें कि ऋषिकेश के यातायात व्यवसाय से जुड़े संयुक्त यातायात रोटेशन, विक्रम मालिक महासंघ, जीप यूनियन, टैक्सी यूनियन, ट्रक एसोसिएशन, टैंपो यूनियन एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर उन्हें लॉकडाउन के कारण उत्पन्न हुई समस्या को लेकर सरकार से गुहार लगाते हुए मांग पत्र सौंपा था। इस संबंध में आज विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से वार्ता करते हुए कहा कि परिवहन व्यवसाय से प्रदेश के हजारों लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं, लॉकडाउन होने से उत्तराखंड में पर्यटन व्यवसाय पर इसका असर पड़ा है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।